हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 25 जून 2025

तापमान
अधिकतम 34 .5 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

11 जलभराव के त्वरित समाधान के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास करें विभाग




12 बिजली संकट को लेकर सड़क पर उतरे लोग, जाम खुलवाने गई पुलिस के साथ उलझे ...



## खबर संक्षेप

### देसी पिस्टल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** कोसली थाना पुलिस ने मंगलवार को कोसली-धारोली रोड पर बाइपास के समीप एक युवक से देसी पिस्टल बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कोसली धारोली बाइपास पर एक युवक पिस्टल के साथ मौजूद है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे काबू कर उसका नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम रवि निवासी नीलाहेड़ी जिला झज्जर बताया। तलाशी लेने पर उसकी लोवर की जेब से देसी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने पिस्टल को अपने कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### छह किसानों के ट्यूबवेलों से 53 फव्वारा-नोजल चोरी

**कोसली।** लुखी गांव से चोर छह किसानों के ट्यूबवेलों से 53 फव्वारा नोजल व एक किसान के ट्यूबवेल पर बने कमरे से सीलिंग फैन चोरी कर ले गए। किसान हरपाल सिंह ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया चोर उनके ट्यूबवेल से 9 फव्वारा नोजल चोरी करके ले गए। इसके अतिरिक्त अजय कुमार के ट्यूबवेल से छह तथा उसके भाई नरेश के कुएं से 10, श्रद्धानंद कुएं से 10, सतप्रकाश के कुएं से 12, अनूप के कुएं के 6 फव्वारा नोजल तथा सत्यवीर के कुएं से एक सीलिंग फैन चोरी हो गया।

### बस स्टैंड, डबल फाटक अंडरपास व बावल रोड पर रहा जलभराव, सब्जीमंडी व मेन बाजार में कीचड़ से आफत

# शहर में एक दशक से आफत ला रहा मानसून, पानी निकासी के दावे फेल-दूसरे दिन भी जलभराव बना परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला प्रशासन की ओर से मानसून को लेकर शहर के नालों की सफाई व जलभराव से निपटने के दावे फेल नजर आ रहे है। मानसून का सीजन आने पर शहरवासी एक दशक से जलभराव की समस्या से जूझ रहे है। प्रशासन को प्रति वर्ष बरसात आने के पीक टाइम पर ही नालों की सफाई करने का ध्यान आता है, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है और नालों की पूर्णतया सफाई न होने से पूरी व्यवस्था बिगड़ जाती है, जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ता है। गत दिवस हुई तेज बरसात ने शहर की सूरत बिगाड़ कर रख दी है। प्रशासन की ओर से समय पर बरसाती पानी की निकासी के प्रबंध तक नहीं किए गए। गत दिवस की बरसात से मंगलवार को भी शहर में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी रही, प्रशासन की ओर से सड़कों पर जमा पानी निकासी के प्रबंध किए गए। टूटी सड़कों के गड्ढों में बरसात का पानी जमा होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़कों पर जमा पानी व कचरा कीचड़ में तब्दील हो गया है।







रेवाड़ी। नाईवाली सब्जीमंडी में बरसात से हुआ कीचड़, बावल रोड पर जमा बरसात का पानी, डबल फाटक अंडरपास में जमा पानी व डिवाइडर से निकलते व्हीकल।





रेवाड़ी। ब्रास मार्केट के तिकोना पार्क में जमा बरसात का पानी, बरसात के पानी से बस स्टैंड बना तालाब। फोटो :हरिभूमि

#### दूसरे दिन भी जमा रहा बरसात का पानी

मंगलवार को सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन सोमापर शाम को हुई तेज बरसात का पानी शहर में कई जगह जमा रहा, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन के पानी निकासी व सफाई व्यवस्था के दावे एक बार फिर से फेल नजर आए। सड़कों पर जलभराव होने से ब्रास मार्केट, नई अनाजमंडी, बावल रोड, मॉडल टाउन, सेक्टर-1, बस स्टैंड व सरकुलर रोड सहित मोहल्लों के निचले इलाकों में भी पानी जमा रहा। बरसात के कारण मेन बाजार, नाईवाली सब्जीमंडी व बावल रोड पर कीचड़ की स्थिति बन गई, लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। नाईवाली सब्जीमंडी में भारी मात्रा में कचरा जमा रहने व कीचड से लोगों को निकलने में परेशानी उठानी पड़ी। राव तुलाराम पार्क व ब्रास मार्केट का तिकोना पार्क भी बरसात के पानी से लबालब भरा रहा।

#### बस स्टैंड बना तालाब, यात्री परेशान

शहर में बरसात के कारण लोगों को हर बार परेशानी के दौर से गुजरना पड़ता है। इस ओर न तो जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और न ही इस समस्या का समाधान कराने की दिशा में प्रशासन कदम उठा रहा हैं। सोमवार शाम की तेज बरसात से बस स्टैंड परिसर तालाब में तब्दील हो गया। बस स्टैंड में बरसात का पानी मंगलवार को भी भरा रहा। बरसात का पानी टिकिट घरों तक पहुंच गया। यात्री पानी में खड़े होकर बसों का इंतजार करते रहे। बसों में चढ़ने के लिए यात्रियों को पानी में से गुजरना पड़ा।

#### डबल फाटक अंडरपास बना आफत

लोगों को रेलवे लाइनों से निजात दिलाने के लिए बनाया गया अंडपास अब लोगों के लिए आफत बना हुआ है। बरसात के आने पर अंडरपास पानी से पूरी तरह लबालब हो जाता है, जिससे दोनों ओर के लोग आवागमन करने के लिए खड़े रह जाते है। जब लोग पानी से भरे अंडरपास से निकलने की कौशिश करते है तो वाहन बीच में ही बंद हो जाते है, जिसे फिर काफी मशक्कत के बाद निकाला जाता है। मंगलवार को भी अंडरपास में जमा पानी में कार व कई टू-व्हीलर बंद हो गए। कार को क्रेन की सहायता से निकालकर ठीक करा ने के लिए ले जाना पड़ा। हांलाकि प्रशासन की ओर से मोटर लगाकर पानी निकाला गया, लेकिन अंडरपास दोपहर तक पूरी तरह खाली हो पाया।

# अवैध निर्माण पर फिर चली डीटीपी की जेसीबी

- पांचौर में दो एकड़ी की कॉलोनी जमींदोज
- डीडीटी की टीम ने ग्रीन बैल्ट से भी कब्जे हटाए, तीन मार्गों पर 8 अवैध निर्माण किए ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीटीपी की कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करके कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। मंगलवार को डीटीपी की ओर से धारूहेड़ा की ग्रीन बेल्ट में अवैध निर्माणों पर तोड़फोंड की गई। इसके अलावा डीटीपी ने महेन्द्रगढ़ रोड, नारनौल रोड व कोसली रोड पर 8 अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया। वही डीटीपी की ओर से धारूहेड़ा की राजस्व सीमा में अवैध कॉलोनी में तोड़पौड़ की गई। डीटीपी विभाग की टीम मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ धारूहेड़ा के पांचौर में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान 5 डीपीसी, 2 चारदीवारी व अवैध निर्माणों को जमींदाज किया गया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका। डीटीपी की तोड़फोड़ की कार्रवाई से दूसरे निर्माण करने वाले लोगों में भी हड़कंप मचा हुआ है।



रेवाड़ी। अवैध कॉलोनी में निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

#### अवैध निर्माण पर लगातार जारी रहेगी कार्रवाई: डीटीपी



डीटीपी मंदीप सिहाग।

*विभाग में अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों की सूची तैयार की गई है। जिले में अवैध निर्माण करने वालों को किसी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। अनियमित कॉलोनियों में निर्माण करने वालों पर विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े। -मंदीप सिहाग, डीटीपी, रेवाड़ी।*

#### जिले में फैल रहा भूमाफियाओ का जाल

जिले में चारों ओर भूमाफियाओं का जाल फैला हुआ है। कृषि भूमि खरीदने के बाद उस पर प्लॉट काटे जा रहे हैं। प्लॉटों की रजिस्ट्री पर पाबंदी होने के बावजूद फुल पेमेंट एग्रीमेंट पर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। कई डीलर खरीददारों को कॉलोनी नियमित होने का झांसा देकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। प्लॉट बिकने के बाद प्रॉपर्टी डीलर गायब हो जाते हैं। ऐसे में जब खरीददार निर्माण शुरू करते हैं, तो डीटीपी की काईवाई शुरू हो जाती है। इससे खरीददारों को दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है।

# आईजीयू के हिंदी विभाग में एमए हिंदी में एडमिशन के लिए आवेदन 27 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में एमए हिंदी में दाखिले के लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट आईजीयू.एसी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एमए हिंदी विभाग में कुल 60 सीटें हैं। ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 27 जून है। विद्यार्थी को 2 जुलाई तक आवेदन फॉर्म की मूल प्रति हिंदी विभाग में जमा करानी होगी। विद्यार्थी को दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही मिलेगा। छात्र एक जुलाई से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 8 जुलाई को होगी। मेरिट लिस्ट 11 जुलाई को जारी होगी और प्रथम काउंसलिंग 14 जुलाई को होगी। हिंदी विभाग की अध्यक्ष डा. मंजू पुरी ने बताया कि हिंदी से एमए करने से विद्यार्थी शिक्षक और अकादमिक क्षेत्र में जा सकते हैं, जैसे स्कूल में अध्यापक, कॉलेज या विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए यूजीसी नेट, पीएचडी कर सकते हैं। पत्रकारिता और मीडिया में जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हिंदी विभाग में नवीनतम पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को संस्कृति और मूल्यों के साथ-साथ रोजगारपरक शिक्षा दी जाती है। निरंतर राष्ट्रीय संगोष्ठियों विस्तार व्याख्यानों एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। संस्थान के मुख्य पुस्तकालय में हिंदी की हजारों पुस्तकें उपलब्ध है।

यहां से छात्रों को पूरे सत्र के लिए अध्ययन के लिए पाठ्य एवं आलोचनात्मक पुस्तकें प्रदान की जाती है। हिंदी विभाग के छात्र अनेक क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित कर चुके हैं। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को तैयारी भी कराई जाती है।



हिंदी विभाग की अध्यक्ष डा. मंजू पुरी।

- विद्यार्थी को दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही मिलेग



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

# बिरेंद्र हत्याकांड में पांचवें आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

- पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी
- पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई एक देशी पिस्टल बरामद की

कोसली थाना पुलिस ने बिरेंद्र हत्याकांड में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव भाकली निवासी भरत उर्फ राहुल उर्फ बाबा के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव भाकली निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसका बेटा पवन आर्मी में पठानकोट में तैनात है। वह गत 7 जून को गेम की प्रेक्टिस में शामिल होने के लिए पहले हिसार आया था। इसके बाद रविवार को वह अपने ताऊ पूर्णसिंह के घर पर कुआं पूजन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गांव में आ गया था। पवन को रात को ही ड्यूटी पर लौटना था, जिस कारण उसका पिता बिरेंद्र उसे कोसली छोड़कर घर पर वापस लौट रहा था। गांव के श्मशाम घाट के पास भाकली निवासी भरत उर्फ राहुल उर्फ बाबा, उसके भाई दीपक, राहुल उर्फ सीडी, गांव भोतवास भोंदू निवासी राहुल व विनय ने एक शादी समारोह में हुए झगड़े की रंजिश के चलते उसके पति बिरेंद्र को रोककर मारपीट करना शुरू कर दी। आरोपियों ने उसके पति पर कुल्हाड़ी से वार करते हुए उसे गोली मार दी। गोली लगते ही वह गिर पड़े। गली के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन उसके पति को अस्पताल ले गए, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले में संलिप्त चार आरोपी गांव भोहतवास भोंदू निवासी विनय कुमार व गांव भाकली निवासी दीपक,राहुल उर्फ सीडी, कुलदीप उर्फ 502 को वारदात के कुछ ही घंटो के अन्दर गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मौके से दो जिंदा रोंद व दो खोल बरामद किए थे। पुलिस ने मंगलवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी गांव भाकली निवासी भरत उर्फ राहुल उर्फ बाबा को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई एक देशी पिस्टल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

### तापमान में गिरावट के बावजूद गर्मी से राहत नहीं, आज से मानसून के सक्रिय होने की संभावना

# बरसात के बाद उमस भरी गर्मी, दिन भर छूटता रहा पसीना

- 25 जून से मानसून की सक्रियता बढ़ सकती है, जिससे लगभग एक सप्ताह तक झमाझम बारिश की संभावना जताई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में कई इलाकों में हुई अच्छी बरसात के बावजूद उमस भरी गर्मी जमकर परेशान कर रही है। हवा में नमी का स्तर ज्यादा होने के कारण चिपचिपाहट भरी गर्मी जमकर पसीना छुड़ा रही है। दो दिन से रुक-रुककर बारिश हो रही है। 25 जून से मानसून की सक्रियता बढ़ सकती है, जिससे लगभग एक सप्ताह तक झमाझम बारिश की संभावना जताई जा रही है। बीते सोमवार को बावल और रेवाड़ी खंडों में अच्छी बरसात हुई। अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस कम होकर 34.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 5.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 70 फीसदी रहा, जबकि हवा की रफ्तार 5 किमी प्रति घंटा रही। मंगलवार सुबह 8 बजे तक चौबीस घंटों के दौरान रेवाड़ी ब्लॉक में सर्वाधिक 91 एमएम और बावल में 65 एमएम बारिश दर्ज की गई। सुबह से ही बूंदाबांदी होती रही। मनेठी खंड में 28.5 एमएम बारिश हुई, जबकि धारूहेड़ा खंड पूरी तरह सूखा रहा। दोपहर तक खोल एरिया में भी अच्छी बरसात हुई। बादलों के बीच धूप खिलते ही भारी उमस शुरू हो गई, जिससे गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाती रही। कूलरों की हवा बेअसर साबित होने लगी। वातावरण में चिपचिपाहट बनी रही, जिसने लोगों का पसीना नहीं सूखने दिया। शाम के समय आसमान में बादलों के बीच कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गई।



रेवाड़ी। मंगलवार को धूप व उमस भरी गर्मी से बचाव करती जाती युवतियां।

#### जल्द गर्मी से राहत की उम्मीद

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिणी-पश्चिमी मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। बुधवार से मानसून की बारिश शुरू हो सकती है। इसके बाद लगभग एक सप्ताह तक रुक-रुककर बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट के बाद उमस भरी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल सकेगी। मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन के अनुसार हरियाणा में मानसून ने दस्तक दे दी है। मानूसन की सक्रियता अब झमाझम बारिश के संकेत दे रही है। बुधवार से अच्छी बारिश होने की संभावना है।

#### बाजरे की बिजाई में जुटे किसान

जून माह के शुरू में ही हुई अच्छी बारिश के बाद लगभग 50 फीसदी किसानों ने बाजरे की बिजाई कर दी थी। इस बार जिले में 91 हजार हेक्टेयर भूमि में बाजरे की बिजाई किए जाने की संभावना है। किसान 70 फीसदी तक बाजरा बिजाई कर चुके हैं। बारिश के बाद किसानों ने बाजरे की बिजाई में लगे हुए हैं, परंतु बिजाई के तुरंत बाद बारिश होने पर किसानों को फिर से बिजाई करनी पड़ सकती है। इस समय बिजली की मांग में कमी आई है, जिससे पावर कटों से भी लोगों को राहत मिली हुई है।



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री से शहर के मुद्दों पर चर्चा करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पूर्व विधायक की सीएम से मुलाकत रेवाड़ी के अनेक मुद्दों पर की चर्चा


**रेवाड़ी।** मंगलवार को पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास व भाजपा युवा नेता मुकेश कपड़ीवास ने चंडीगढ़ निवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी के अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। रणधीर सिंह कापड़ीवास ने मुख्यमंत्री के समक्ष रेवाड़ी के गांव रामगढ़ भगवानपुर में 200 बेड के नए अस्पताल बनाने के लिए धरने पर बैठे ग्रामीणों की मांग रखी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लिए गांव की जगह बिल्कुल उपयुक्त है, जिस पर सरकार संज्ञान ले। मुकेश कापड़ीवास ने शहर के जलभराव की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी में हल्की बरसात में रेवाड़ी में ही सड़कें जलमग्न हो जाती है। पानी की निकासी न होने से शहरवासियों को परेशानी उठानी पड़ती है, जिसका जल्द समाधान जरूरी है, क्योंकि मानसून दस्तक दे चुका है। इसस मौके पर उन्होंने सीएम से अनेक राजनीतिक व सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की।



# अक्षरधाम में नजर आएंगे अक्षय फिल्म का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अक्षरधाम का निर्देशन केन घोष कर रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने मंगलवार को अक्षरधाम का नया पोस्टर जारी कर फैंस को खुश कर दिया है। पोस्टर में अक्षय खन्ना का दमदार लुक देखकर नजर आ रहा है। सी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म अक्षरधामका पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'आतंक की एक शाम। बेमिसाल वीरता की एक रात। यहां अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति का पहला लुक है, एक ऐसी कहानी जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा! ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। देखते रहिए। 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का यह पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। वह इस पोस्टर पर लाल दिल वाले और फॉयर इमोजी बरसा रहे हैं।

लाइफ Style



# सारा

## जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे। शायरी लिखना शायद मेरे खून में है और क्या बोलूं मेरी बहन सब से अच्छी है।'

## हॉलीवुड मसाला



# 24 वर्षों बाद एक साथ आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिका: ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं।




# जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है।



# शुरू किया निकिता रॉय का प्रमोशन...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने यह स्टाइलिश लुक अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय के लिए लिया है। सोनाक्षी ने इस बेहतरीन लुक के साथ एक खास नोट भी लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लुक के साथ सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा, 27 जून को सिनेमाघरों में मिलते हैं। एक फैन ने लिखा, सर्विंग लुक फीट. निकिता रॉय, एक और फैन ने लिखा, ग्लोइंग, एक और फैन ने लिखा, ग्लैमरस, एक और फैन ने लिखा, सुंदर, एक और फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही है प्यारी सोना, एक और फैन ने लिखा, सोना फॉयर है'। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया।



# सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे

**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।

## टीवी मसाला



# महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉर्ड्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है।

## सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है 'पंचायत'

**नई दिल्ली।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और साल का सबसे मच अवेटेड शो 'पंचायत सीजन 4' अब रिलीज हो चुका है। प्राइम वीडियो ने रात 12 बजे ही पंचायत के चौथे सीजन को स्ट्रीम कर दिया। अधिकांश लोग चौथे सीजन को देखने के बाद इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर सीरीज का रिव्यू करते हुए शो में कलाकारों के अभिनय और कहानी की तारीफ की। साथ ही इस सीजन में जो लव स्टोरी एड की गई है, उसकी भी तारीफ हो रही है। हालांकि, यूजर ने शो के कुछ एक सीन को बोरिंग बताया है। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, 'पंचायत सीजन 4 सिर्फ एक शो नहीं है, यह सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है। कहानी, स्क्रीनप्ले और इमोशन सब कुछ एकदम मास्टरक्लास है। यह आपको हंसाता है, रुलाता है, हर फ्रेम बोलता है। कुछ जीत खुशी नहीं लातीं, कुछ जीतें हार से ज्यादा दुख देती हैं। यह सच है, यही पंचायत है।'कई यूजर्स को चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की आगे बढ़ती लव स्टोरी काफी पसंद आ रही है। फैंस इसकी तारीफ कर रहे हैं।




# वॉर 2 ने रिलीज से 51 दिन पहले बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 से धमाका करने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म रिलीज के इंतजार में बैठे हैं। फिल्म में दो सुपरस्टार्स को एक साथ एक्शन करते देखना मजेदार होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में इतनी एक्साइटमेंट है कि मूवी टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर वॉर 2 को डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले हैं। मतलब इतने लोगों ने फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले से फिल्म को देखने के लिए अपनी रुचि दिखाई है।

### दो बड़े स्टार एक साथ आएंगे नजर

ट्विटर पर एक फैन ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, वॉर 2 पर डेढ़ लाख लोगों ने फिल्म देखने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। ये नतीजे फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले के हैं। ये फिल्म थिएटर पर धमाका करने वाली है। वॉर 2 को लेकर ऑडियंस में उत्साह है। इस फिल्म में पहली बार दो इतने बड़े सुपरस्टार एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन दिखने को मिलने वाला है। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट किया गया है।





### बजट और फीस

फिल्म के बजट की बात करें इस फिल्म को 200 करोड़ में बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने अपनी फीस घटा कर सिर्फ 30 करोड़ में काम किया है। वहीं, सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने 48 करोड़ की मोटी रकम ली है। कियारा अडवानी ने ये फिल्म 15 करोड़ में की है। फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 32 करोड़ लिए हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# सोनम ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



*मुंबई। अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से नेटिजंस उनका बहुत मजाक उड़ा रहे हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस अभिनेत्री का खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर एक्ट्रेस का मजाक बनाते हुए कहते हैं, 'इतना बड़ा बलिदान, आप इतने सारे बाल कैसे दान कर सकती हैं। आप पहचान में नहीं आ रही हैं, यह कब वापस उगेंगे। हे भगवान इन बालों से पूरे गांव के लिए विग बनाई जा सकती है।' एक और यूजर ने उन पर कटाक्ष करते हुए बोला, 'लग रहा है जैसे उन्होंने अपने बेकार बालों को काट दिए और उन डैमेज बालों को दान में दे दिया । वाह क्या सोच है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में गुस्से में लिखा कि ये 12 इंच नहीं, बल्कि छह इंच है। कुछ और यूजर्स ने अभिनेत्री के इस फैसले पर व्यंग्य किया है।*

## दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच हो जाती है मोहब्बत

# मेट्रो इन दिनों से लेकर बागबान तक में दिखा उम्रदराज जोड़े का प्यार


*नई दिल्ली। 'ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन'यह बॉलीवुड सॉन्ग प्यार के सच्चे अहसास को बयां करता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच मोहब्बत हो जाती है। यहां तक की उम्रदराज जोड़ियों की मोहब्बत पर भी बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं। जल्द ही 'मेट्रो इन दिनों'में भी अनुपम खेर और नीना गुप्ता के किरदारों के बीच ऐसा ही रोमांस देखने को मिलेगा। इससे पहले भी कई फिल्मों में उम्रदराज जोड़ों के प्यार की कहानी को बड़ी खूबसूरती से बयां किया गया है।*




**लाइफ इन ए मेट्रो :** साल 2007 में फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' रिलीज हुई, फिल्म को अनुराग बसु ने ही निर्देशित किया था। फिल्म में अलग-अलग उम्र के लोगों की लव स्टोरीज दिखाई गई, इन्हीं में से एक लव स्टोरी धर्मेंद्र और नफीसा अली द्वारा निभाए गए किरदारों की थी। फिल्म में कई साल बाद एक जोड़ा मिलता है, अपने पुराने प्यार को अंजाम तक लेकर जाने की कोशिश करता था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नफीसा पर एक किसिंग सीन भी फिल्माया गया था।

**चीनी कम :** अमिताभ बच्चन और तब्बू की जोड़ी फिल्म 'चीनी कम (2007)' में नजर आई। आर बाल्की निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और तब्बू के किरदारों के बीच मैच्योर किस्म का प्यार देखना फैंस के लिए नया एक्सपीरियंस था।





**बागबान :** फिल्म 'बागबान (2003)' एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी, मगर पति-पत्नी के रोल में नजर आए अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी का प्यार ही फिल्म की कहानी का केंद्र था। उम्रदराज जोड़ा जब किन्हीं वजहों से एक-दूसरे से दूर हो जाता है तो इनका दर्द दर्शकों से भी नहीं देखा जाता है। आखिर में दोनों मिलते हैं और फिल्म हैप्पी एंडिंग पर खत्म होती है।



**बधाई हो :** फिल्म 'बधाई हो (2018)' में आयुष्मान खुराना के माता-पिता के रोल में नीना गुप्ता और गजराज राव नजर आए। इस जोड़े के बीच भी रोमांस दिखाया गया। फिल्म की कहानी इनके रोमांस और वर्षों बाद होने वाले बच्चे पर थी। यह सिचुएशन फिल्म में कॉमेडी की वजह भी बनती है, लेकिन आखिरी में फिल्म दर्शकों को इमोशनल कर जाती है। इस फिल्म के डायरेक्टर अमित रविंद्रनाथ शर्मा थे।

***इन फिल्मों में भी दिखा मैच्योर लव :*** *रोहित शेट्टी निर्देशित गोलमाल 3 (2010) में भी रतना पाठक और मिथुन चक्रवर्ती के बीच एक मैच्योर लव स्टोरी देखने को मिली। साल 2005 में 'प्यार में ट्विस्ट' नाम की एक फिल्म रिलीज हुई, इसमें ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के किरदारों के बीच रोमांस दिखाया गया था। फिल्म को हृदय शेट्टी ने निर्देशित किया था।*

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### छाबड़ा ने कांग्रेस शहरी अध्यक्ष के लिए किया आवेदन

**रेवाड़ी।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता महेन्द्र छाबड़ा ने कांग्रेस शहरी अध्यक्ष पद के लिए औपचारिक रूप से आवेदन किया है। मंगलवार को जिमखाना क्लब में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला रेवाड़ी पर्यवेक्षक एआईसीसी सेक्रेट्री एवं व वरिष्ठ कांग्रेस नेता बीएम संदीप, एआईसीसी से वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पराग शर्मा और कांग्रेस नेता सुरेश गुप्ता मौजूद रहे। नेताओं ने संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की।

### उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग को मिली स्वीकृती

**खोरी।** खोरी गांव में लंबे समय से उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग को हरियाणा सरकार ने स्वीकृति दे दी है। इस निर्णय से ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष नीतू चौधरी ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती राव का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विनोद शर्मा पूर्व सरपंच, छतरसिंह पूर्व सरपंच, रेखा पंच, संदीप पंच, दयानंद एडवोकेट, हंसराज, प्रदीप रेवाड़िया खोरी, हरविंदर सिंह व राजकुमार मौजूद थे।

### राज्य में योग का और तेजी से विस्तार होगा

**रेवाड़ी।** हरियाणा योगासन खेल संघ के उपाध्यक्ष व नव सृष्टि योग एव शोध संस्थान के संस्थापक डा. युद्धवीर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी की ओर से की गई योग से संबंधित घोषणाओं से राज्य में योग का और तेजी से विस्तार होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री की ओर से हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य की मांग पर योग को लेकर की गई घोषणाएं योग के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित करेंगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-अलवर रेलमार्ग पर बावल स्टेशन के पास मंगलवार को करीब 45 वर्षीय अज्ञात महिला की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी एएसआई उर्मिला देवी ने बताया कि मंगलवार प्रातः बावल स्टेशन के नजदीक एक महिला रेलवे लाईन पार कर रही थी, तभी अचानक ट्रेन आ गई और ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। महिला का शरीर छत-विक्षित हालत में है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है। मृतक महिला के शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल रेवाड़ी में रखवाया गया है।

# जलभराव के त्वरित समाधान के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास करें विभागः डीसी

- बरसाती पानी और मसानी बैराज के दूषित पानी को लेकर रेवाड़ी और भिवाड़ी जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भिवाड़ी समेकित विकास प्राधिकरण कार्यालय यानि बीडा में रेवाड़ी और खैरथल जिला प्रशासन की जलभराव को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए दीर्घकालीन परियोजना दोनों जिला ने तैयार कर ली है। फिलहाल इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय स्तर पर नगर परिषद व पंचायत विभाग को अपने स्तर पर प्रयास करने होंगे। खैरथल के डीसी किशोर कुमार, बीडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अतुल किशोर सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित हुई इस बैठक में डीसी ने कहा कि मसानी बैराज में केवल बरसाती पानी आ सकता है। भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र, सीवरेज लाइनों या घरों से निकलने वाले दूषित पानी को इस बैराज में नहीं आने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मसानी बैराज में बरसात के मौसम में जलभराव होने के कारण जिले के कुछ गांवों में लोगों के घरों में पानी चला जाता है, जो कि एक बड़ी समस्या है। इसका समाधान तभी हो सकता है, जब भिवाड़ी शहर में पानी के निकास की उचित व्यवस्था की जाए। इसके लिए भिवाड़ी नगर परिषद को खाली भूखंडों में टैंक बनाकर वहां पानी का संग्रह करना होगा।




रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित डीसी अभिषेक मीणा, खैरथल डीसी किशोर कुमार, सीईओ अतुल प्रकाश व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सिंचाई विभाग ने तैयार की परियोजना

डीसी मीणा ने बताया कि सिंचाई विभाग ने 218 करोड़ रूपए की एक परियोजना तैयार की है, जिसे पूरा होने में करीब तीन साल का समय लग सकता है। इसके तहत जल संग्रह के लिए पांच बड़े टैंक, दो सौ एकड़ भूमि एक बड़ा टैंक और 23 किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाकर पानी को सिंचाई के लिए पटौदी के समीप इंदौरी नदी में पहुंचाया जाएगा। खैरथल डीसी किशोर कुमार ने कहा कि दोनों जिला प्रशासन को मिलकर जलभराव की समस्या पर रोकथाम करनी होगी। उन्होंने कहा कि भिवाड़ी में फिलहाल 160 करोड़ रुपए की लागत से एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा करीब 60 करोड़ रुपए की लागत से बरसाती पानी को पाइपलाइन के जरिए मसानी बैराज में छोड़ने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि भिवाड़ी में कहीं भी पानी निकासी की फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, जिस कारण यहां मेन रोड पर पानी भर गया है। बीडा के सीईओ अतुल प्रकाश ने कहा कि इंडस्ट्रीज ने अपने-अपने एसटीपी लगाए हुए हैं, जिनके जरिए गंदा पानी बाहर आने की संभावना कम है। डीसी मीणा ने कहा कि इन एसटीपी की जांच कराई जानी चाहिए कि वे रनिंग कंडीशन में हैं या नहीं।

### ये रहे बैठक में मौजूद

इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान ने बताया कि जलभराव से बचाव के लिए आंकेड़ा व महेश्वरी गांवों में खाली पंचायती भूमि पर जोहड़ बनाए गए हैं। बैठक में भिवाड़ी नगर परिषद के आयुक्त मुकेश कुमार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में भिवाड़ी के क्षेत्रीय अधिकारी अमित जुआल, बीडा के अधीक्षण अभियंता देवेंद्र कुमार,सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय बाघोतिया, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अशोक कुमार यादव व नगर परिषद सचिव प्रशांत शर्मा मौजूद रहे।

## प्रयागराज-लालगढ ट्रेन का राजगढ स्टेशन पर होगा ठहराव

# अब बाड़मेर-दिल्ली मालाणी एक्सप्रेस का खैरथल स्टेशन पर रहेगा ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए बाड़मेर-दिल्ली-बाड़मेर मालाणी एक्सप्रेस का खैरथल स्टेशन तथा प्रयागराज-लालगढ-प्रयागराज सुपरफास्ट रेलसेवा का राजगढ स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव किया जा रहा है। रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि गाडी संख्या 20487 बाड़मेर-दिल्ली मालाणी एक्सप्रेस रेलसेवा 26 जून से बाड़मेर से प्रस्थान करके खैरथल स्टेशन पर सुबह 10 बजे आगमन व 10:02 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20488 दिल्ली-बाड़मेर मालाणी एक्सप्रेस ट्रेन 27 जून से दिल्ली से प्रस्थान करके खैरथल स्टेशन पर शाम 6:02 बजे आगमन व 6:04 बजे प्रस्थान करेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 12403 प्रयागराज-लालगढ सुपरफास्ट रेलसेवा 26 जून से प्रयागराज से प्रस्थान करके राजगढ स्टेशन पर सुबह 10:30 बजे आगमन एवं 10:32 बजे प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी संख्या 12404 लालगढ-प्रयागराज सुपरफास्ट ट्रेन 25 जून से लालगढ से प्रस्थान करके राजगढ स्टेशन पर शाम 4:33 बजे आगमन व 4:35 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 20403 प्रयागराज-लालगढ सुपरफास्ट ट्रेन 25 जून से प्रयागराज से प्रस्थान करके राजगढ स्टेशन पर सुबह 10:30 बजे आगमन एवं 10:32 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20404 लालगढ-प्रयागराज सुपरफास्ट रेलसेवा 26 जून से लालगढ से प्रस्थान करके राजगढ स्टेशन पर शाम 4:33 बजे आगमन तथा 4:35 बजे प्रस्थान करेगी।




रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन।

### सोलह रेलसेवाएं साबरमती स्टेशन पर करेंगी ठहराव

रेलवे की ओर से अहमदाबाद स्टेशन पर 5 जुलाई से 12 सितंबर तक रेल भूमि विकास प्राधिकरण से संबंधित कार्य किया जा रहा है। कार्य के कारण रेलसेवाओं का अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है। गाड़ी संख्या 12479 जोधपुर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस रेलसेवा 5 जुलाई से जोधपुर से प्रस्थान करके अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर शाम 3 बजे आगमन व 3:10 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 20495 जोधपुर-हडपसर एक्सप्रेस रेलसेवा 5 जुलाई से जोधपुर से प्रस्थान करके अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर शाम 5:20 बजे आगमन व 5330 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 20496 हडपसर-जोधपुर एक्सप्रेस 5 जुलाई से हडपसर से प्रस्थान करके अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर शाम 7:20 बजे आगमन व 7:30 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22452 चंडीगढ-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस रेलसेवा 6 जुलाई से चंडीगढ से प्रस्थान करके अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर मध्यरात्रि 12:01 बजे आगमन व 12:10 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22738 हिसार-सिकंदराबाद एक्सप्रेस रेलसेवा 6 जुलाई से हिसार से प्रस्थान करके अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर शाम 7:10 बजे आगमन व 7:20 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22664 जोधपुर-चेन्नै एशुंबूर एक्सप्रेस 8 जुलाई से जोधपुर से प्रस्थान करके अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर शाम 7:10 बजे आगमन व 7:20 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22916 हिसार-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस रेलसेवा 8 जुलाई से हिसार से प्रस्थान करके अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर शाम 7:10 बजे आगमन व 7:20 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12998 बाड़मेर- बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 10 जुलाई से बाड़मेर से प्रस्थान करके अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर शाम 7:10 बजे आगमन व 7:20 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22724 श्रीगंगानगर-नांदेड एक्सप्रेस रेलसेवा 5 जुलाई से श्रीगंगानगर से प्रस्थान करके अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन पर शाम 7:10 बजे आगमन व 7:20 बजे प्रस्थान करेगी।




रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडीसी राहुल मोदी। फोटो : हरिभूमि

# राजस्व विभाग के लंबित मामलों का शीघ्रता से निपटारा करें: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि समाधान शिविरों में आई राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों का शीघ्रता से निवारण किया जाए। एडीसी राहुल मोदी मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में राजस्व विभाग की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन जमाबंदी, लंबित म्यूटेशन, पार्टीशन केस, जाति प्रमाण पत्र, ततीमा, तक्सीम, इंतकाल से संबंधित मामलों का जल्दी निपटान करें।

उन्होंने कहा कि जिस गांव की जमाबंदी अभी तक ऑनलाइन नहीं हो पाई है, उसकी ग्राम सभा की बैठक बुलाकर समाधान किया जाए। एडीसी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सचिवालय की सिविल कोर्ट में राजस्व विभाग के लंबित मामलों का एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार शीघ्रता से निपटारा करें। अधिक समय तक राजस्व मामले को लंबित न रखें। जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल ने कहा कि कानूनगो अपने स्तर पर शिकायतों का निपटारा कराएं।

विभाग में कर्मचारियों की कमी नहीं है और सारा काम तेज गति से होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला की कृषि भूमि का रिकॉर्ड तैयार कर लिया गया है। जलीय भूमि के एरिया का रिकॉर्ड अभी तैयार नहीं हुआ है।

एडीसी ने वाटर लैंड की मैपिंग शुरू किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर बावल एसडीएम उदय सिंह, कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव, नगराधीश प्रीति रावत, तहसीलदार श्रीनिवास व तहसीलदार हरिकिशन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रोहड़ाई थाना का एसपी ने किया निरीक्षण

- पुलिस अधिकारियों को अपराधों पर अंकुश लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने मंगलवार को रोहड़ाई पुलिस थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना के रिकॉर्ड के रजिस्टर व फाइलों की जांच करने के साथ ही बैरक, मेस व मालखाना का जायजा लिया। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को थाने की खामियों को जल्द दूर करने के निर्देश दिए।

एसपी ने थाने में क्राइम कंट्रोल के संबंध में बैठक भी ली। उन्होंने थाना एसएचओ व अनुसंधानकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में एसएचओ रविंद्र सिंह, मुंशी, मालखाना मोहरर व सभी अनुसंधानकर्ता उपस्थित थे। एसपी मीणा ने कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें। पीओ, बेल जम्पर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें। दर्ज किसी भी मुकदमे की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखे। महिला विरूध अपराध, अवैध हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों, बुलेट पटाखा फोड़ने वालों व ध्वनि प्रदूषण कर हुड़दंग करने वाले लोगों पर पर सख्त कार्रवाई करें।



रेवाड़ी। रोहड़ाई थाने में पुलिस स्टाफ की बैठक लेते एसपी हेमेंद्र मीणा।

# अस्पताल बनवाने की मांग को लेकर आठवें दिन धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रामगढ़-भगवानपुर में सरकारी अस्पताल बनवाने की मांग को लेकर अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना आठ दिन से चल रहा है। आसपास के गांवों के काफी संख्या में ग्रामीण धरना में शामिल हो रहे है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अभय सिंह फिदेड़ी, शहीद भगत सिंह यादगार कमेटी धारूहेड़ा के अध्यक्ष कॉमरेड रमेशचन्द्र, अनिल कुमार भगवानपुर व मास्टर प्रेम प्रकाश बुड़ाना ने ग्रामीणों को समर्थन देते हुए कहा कि रामगढ़ भगवानपुर गांव में 200 बेड का अस्पताल बनाने की मांग जायज है। भौगोलिक दृष्टि से भी इससे उपयुक्त जगह कोई और नहीं है। भगवानपुर गांव ने शहर की प्यास बुझाने के लिए 10 एकड़ जमीन जल घर के लिए इस शर्त पर दी थी कि गांव में 200 बेड का नागरिक अस्पताल बनाया जाएगा, जिस पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अस्पताल बनाने का आश्वासन पर दिया गया था, परंतु 10 एकड़ की जलघर रजिस्ट्री कराने के बाद वे अपने वादे से मुकर गए।



रेवाड़ी। अस्पताल की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### धरने पर ये रहे मौजूद

धरना पर पूर्व सरपंच भगवानपुर सत्यबीर सिंह, कुलदीप, बीरेंद्र सिंह यादव, कंवर सिंह हैड मास्टर, लाल सिंह, पृथ्वी सिंह बालियर खुर्द, मोहर सिंह बुड़ानी, नवल सिंह बुड़ाना, इंद्रजीत नंबरदार, रायसिंह, धर्मेन्द्र, नाहर सिंह, नरेश कुमार, सूबे सिंह, नित्यानंद, अनिल, शेर सिंह, जगदीश भागमल, राजकुमार, उमेद सिंह, विजय कुमार, वेदप्रकाश, हरिओम, सुनीता, सविता, प्रमिला, ममता, बीरबती, बिमला, कमलेश, राजेश्वरी, गीता, सावित्री, शांति देवी, निर्मला, कृष्णा, रेनू, आशा, कौशल्या, लीलावती, सुमन व माया देवी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने विभिन्न अपराधों में संलिप्त 45 आरोपी दबोचे

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से मंगलवार को अपराध पर नियंत्रण के लिए ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में पुलिस ने विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 45 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की। ऑपरेशन आक्रमण के तहत सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया। एसपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जिले में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। सभी अपराधी सलाखों के पीछे जाने के लिए तैयार रहे। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### पुलिस ने इन पर की कार्रवाई


जिला पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 8 मामले दर्ज करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे 97.25 बोतल अवैध देशी शराब, 1 बोतल अंग्रेजी शराब, 8 लीटर लाहन व 18 बोतल बियर बरामद की। शस्त्र अधिनियम के तहत 4 आरोपियों को गिरफ्तार करके उससे 2 अवैध देशी कट्टे, 2 देशी पिस्टल व 1 जिंदा रोंद बरामद किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 1 आरोपी को गिरफ्तार करके उससे 210 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया।

### सवाचंद नम्बरदार बने इनेलो किसान सेल के जिला संयोजक

**रेवाड़ी।** मंगलवार को इनेलो किसान सेल की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता इनेलो जिला प्रधान डा. राजपाल यादव ने की। इस अवसर पर मुख्यातिथि किसान सेल प्रदेश संयोजक फूल सिंह मंजूरा ने कहा कि बीजेपी ने किसानों के साथ घोर अन्याय किया है, जिसकी वजह से किसान कभी खाद बीज की लाइन तो कभी तो कभी फसल बीमा के लिए लाइन में लगा रहता है। अगर किसान फसलों के नुकसान पर मुआवजा मांगता है या फसलों के उचित दाम मांगते हैं तो लाठिया से पीटा जाता है। इनेलो पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो किसानों की हमदर्द है। इनेलो पार्टी अपने संगठन को मजबूत करने के लगातार संगठन विस्तार कर रही है। इस दौरान रोझूवास निवासी सवाचंद नम्बरदार को किसान सेल का जिला संयोजक व राजेश कुमार तिहाड़ा को बावल किसान प्रकोष्ठ के हलका प्रधान बनाया गया और जिला की कार्यकारिणी बनाने का निर्देश दिया गया।

### संविधान को सिर्फ पढ़ने से नहीं, निभाने से बचाया जा सकता:वंदना पोपली

**रेवाड़ी।** भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कहा कि संविधान किसी भी देश की आत्मा होता है, जो उसकी शासन व्यवस्था, नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का आधार तय करता है। भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ और तब से यह देश की लोकतांत्रिक नींव रहा है, लेकिन जब संविधान के मूल सिद्धांतों को ताक पर रख दिया जाता है, तो इसे संविधान हत्या कहा जाता है। भारत में ऐसा एक काला अध्याय 25 जून 1975 को शुरू हुआ, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की। इसी दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि 25 जून का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक काला अध्याय है। इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से आपातकाल लगाया गया था। उन्होंने कहा कि उस रात संविधान को बंद कमरे में बंद कर दिया गया, न्यायपालिका को पंगु बना दिया गया, प्रेस की आजादी का गला घोंट दिया गया और नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। उन्होंने कहा कि वही कांग्रेस आज संविधान बचाने की बात करती है, कभी खुद ने संविधान को कुचल कर सत्ता की रक्षा की थी।



**ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर**
(खण्ड बावल), जिला रेवाड़ी (हरियाणा)

**नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर, खंड बावल, जिला रेवाड़ी में बाबा खाती जोहड़ में मछली पालन हेतु नीलामी की जानी है। नीलामी हरिजन चौपल, ग्राम मोहम्मदपुर में दिनांक 30 जून 2025 को निर्धारित समय प्रातः 10 बजे पट्टे पर छोड़ी जाएगी। जिसकी सिक्योरिटी राशि रु. 10000/- के रूप में जमा की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि व स्थान पर पहुंच कर बोली लगा सकता है।

राहुल, ग्राम सचिव 9996616865
बबली देवी, सरपंच 9468253187

**ग्राम पंचायत टहना दीपालपुर**
खण्ड-जाटूसाना, जिला-रेवाड़ी (हरियाणा), Email: khowalrajat@gmail.com

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टहना दीपालपुर, ब्लाक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी में दिनांक 30-06-2025 को सुबह 11 बजे चौपाल में शिशम व किकर के सुखे वृक्षों की नीलामी की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि व स्थान पर पहुंच कर बोली लगा सकता है। बोली की राशि मौके पर ही जमा करानी होगी।

हस्ता/- सरोज देवी, सरपंच, ग्राम पंचायत टहना दीपालपुर, खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी), Mob.: 9813298078

**धानक धर्मशाला मंदिर बगीची ( रजि. )**
ट्रामा सैंटर के सामने सरकुलर रोड़, रेवाड़ी ( हरियाणा )

सर्वसाधारण को अवगत / सूचित किया जाता है कि धानक धर्मशाला मंदिर बगीची (रजि.), ट्रामा सेंटर के सामने, सरकुलर रोड़, रेवाड़ी-हरियाणा के प्रांगण में शिव मंदिर के साथ बनी लैटरीन की अंदर की दीवारों और लैटरीन शीटों को हटा कर एक स्टोर का निर्माण करवाना है और साथ ही वर्तमान में हलवाई बैठने वाला बरामदे की छत को हटा कर और बाबा बालक नाथ जी की समाधि वाले स्थान को लैंटर से कवर्ड करवाना है 1. इस लैंटर की अनुमानित लम्बाई 150 फुट व चौडाई 40 फुट है। 2- लैटर की लम्बाई 200 फुट के लगभग व चौडाई 40 फुट है। 3- इसी संस्था में बने कुएं से लेकर समाधि वाले गेट तक 2-2 फुट का फर्श का भरत (मलबा फर्म/ठेकेदार का) करवाना है।

अतः समस्त फर्म/ठेकेदारों से उक्त कार्यों की लेबर रेट (Labour Rate) की कुटेशन आमंत्रित है। इच्छुक फर्म/ठेकेदार उक्त कार्य को संस्था में आकर किसी भी दिवस में आकर देख सकते है। जो भी इच्छुक फर्म/ठेकेदार इस कार्य को करने को इच्छुक है वह अपनी कुटेशन बंद लिफाफे में निर्वाचित कार्यकारिणी को सूचना प्रकाशित होने की तिथि से एक सप्ताह के अंदर अंदर भिजवाएं। आये हुए टैंडर को दिनांक 5-7-2025 को सायं 5 बजे खोला जायेगा। न्यूनतम दर व अनुभवी फर्म/ठेकेदार को उक्त कार्य प्रदान किया जायेगा। इस कार्य के नियम व शर्ते उसी दिन फर्म/ठेकेदार को बता दी जायेगी। उक्त निर्माण कार्य से सम्बन्धित सभी सामग्री संस्था प्रदान करायेगी।

प्रधानः अशोक कुमार मो. नं०: 7206636962
सचिवः श्याम लाल मो. नं०: 8950205978
कोषाध्यक्षः नरेश कुमार मो. नं०: 9416318744

## वाहन चलते रॉन्गटर्न व ओवरस्पीड से बचें: ताराचंद

# अधिकांश सड़क हादसे होते हैं चालकों की गलती से

- सिटी ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों व आमजन को यातायात के नियमों व नशे के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सिटी ट्रैफिक पुलिस की ओर से मंगलवार को वाहन चालकों को नाईवाली चौक पर यातायात के नियमों, नशे के दुष्प्रभावों तथा समय पर चालान भरने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर सिटी ट्रैफिक इंचार्ज निरीक्षक ताराचंद, एचसी शिवभूषण, आरएसओ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश वशिष्ठ व सदस्य दीपक सैनी मौजूद थे। सिटी ट्रैफिक इंचार्ज ने वाहन चालकों व आमजन को यातायात नियमों की पालना करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने, वाहन चलते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, नशीले पदार्थ और बीड़ी-सिगरेट का प्रयोग न करने के साथ ही नाबालिग बच्चों को टू और फोर व्हीलर गाड़ी न चलाने देने की सलाह दी। उन्होंने वाहन चालकों व आमजन को नशे से दूर रहकर खेलों में भागीदारी करने के लिए जागरूक किया।



रेवाड़ी। वाहन चालकों को जानकारी देते सिटी ट्रैफिक इंचार्ज ताराचंद।

### वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूरी

सिटी ट्रैफिक इंचार्ज निरीक्षक ताराचंद ने कहा कि अधिकांश सड़क हादसे चालकों की गलती से होते हैं। इसलिए वाहन चलते रॉन्गटर्न, ओवरस्पीड व रैश ड्राइविंग पर कंट्रोल रखें। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों से बचने के लिए मार्ग पर चलते समय यातायात नियमों पर विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि ई-चालान प्रणाली के जरिए वाहन मालिक अपने चालान को ऑनलाइन देख सकते हैं और तुरंत भुगतान कर सकते हैं। इससे चालान प्रक्रिया पारदर्शी और आसान हो गई है। उन्होंने बताया कि चालान भरने में देरी करने वाले चालकों को अब 90 दिनों में चालान भरना अनिवार्य है। अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया, तो वाहन जब्त किया जाएगा और अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया जा सकता है। आरएसओ रमेश वशिष्ठ ने कहा कि चालक वाहन को संयम से चलाएं, तेज गति सीमा नुकसान पहुंचा सकती है। बरसात में सड़क पर पानी भरा होने के कारण सड़क के किनारे वाहन को न चलाएं, कोई भी गड्ढा होने पर दुर्घटना हो सकती है।

**खबर संक्षेप**

## राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए 11 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

रेवाड़ी। शिक्षा विभाग हरियाणा की ओर से योग्य अध्यापकों से राज्य शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। योग्य और पात्र अध्यापक 11 जुलाई तक लिंक के माध्यम से अपना आवेदन कर सकते हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि लिंक पर राज्य शिक्षक पुरस्कार से संबंधित सभी दिशा-निर्देश, निर्धारित मापदंड एवं पुरस्कारों की संख्या तथा अन्य जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि केवल इस लिंक अथवा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाले ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी परिस्थिति में ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि राज्य शिक्षक पुरस्कार पाने वाले शिक्षक को प्रोत्साहन राशि के तौर पर एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इनता ही नहीं पुरस्कार पाने वाले शिक्षक को प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ एक रजत पदक, एक प्रमाणपत्र, एक शाल के साथ संपूर्ण भावी सेवा के लिए महंगाई भत्ते के साथ दो अग्रिम वेतन वृद्धियां भी मिलेंगी। उन्होंने बताया कि पुरस्कार के लिए कम से कम 15 वर्षों का नियमित शिक्षण अनुभव होना चाहिए। वहीं 20 वर्षों के नियमित शिक्षण अनुभव के साथ प्रधानाध्यापक एवं प्राचार्य, जिनमें से सीडीसी प्रभार सहित हेड मास्टर या प्रिंसिपल के रूप में कम से कम पांच वर्ष की सेवा जरूरी है।

### कई युवकों को लिया हिरासत में, विरोध के चलते किए रिहा

# बिजली संकट को लेकर सड़क पर उतरे लोग जाम खुलवाने गई पुलिस के साथ उलझे

- बिजली का तार टूटने के बाद ब्लैकआउट से परेशान हुए लोग, युवकों को थाने ले जाने पर दोबारा लगाया गया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

सोमवार की रात कस्बे के वार्ड नं. 9 में बिजली का तार टूटने के बाद लोगों को जहां रात भर भारी गर्मी के बीच बिजली किल्लत का सामना करना पड़ा, तो दूसरी ओर दिन में बिजली कर्मियों ने लोगों के फोन तक रिसीव नहीं किए। परिणाम यह हुआ कि वार्ड के लोगों ने प्राणपुरा रोड पर जाम लगा दिया।

मामला उस समय गर्म हो गया, जब मौके पर पहुंची पुलिस के साथ जमा लगाने वाले लोग उलझ गए। पुलिस ने कई युवकों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया।

युवकों को छुड़वाने के लिए महिलाओं को एक बार फिर से सड़क पर उतरना पड़ा। सभी युवकों को रिहा करने के बाद ही लोगों का गुस्सा शांत हुआ। वार्ड के लोग सुबह बिजली ठीक नहीं होने के कारण निगम के प्रति गुस्सा जाहिर करते हुए प्राणपुरा रोड पर आ गए। इन लोगों में बड़ी संख्या में युवक व महिलाएं शामिल थे। लोगों ने अवरोधक लगाकर सड़क जाम कर दी।

जमा की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, परंतु लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। वह निगम अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। जाम लगाने वाले लोगों को आरोप था कि बिजली की समस्या बार-बार बनी रहती है। एक बार खराब होने के बाद निगम के कर्मचारी बिजली ठीक करने में लंबा समय लगाते हैं, जिससे उन्हें गर्मी के मौसम में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

आए दिन बिजली लाइनों में फॉल्ट आता रहता है। जब वह बिजली कर्मचारियों को फोन करते हैं, तो कर्मचारी लोगों के फोन तक रिसीव नहीं करते। भारी गर्मी के चलते घंटों बिजली गुल रहने से छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


रेवाड़ी। बावल के प्राणपुरा रोडपर जाम लगाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**पुलिस-युवकों में हुई खुलकर झड़प**

जाम की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया, तो कई युवकों के साथ पुलिस की झड़प हो गई। पुलिस और जाम लगाने वाले युवक एक-दूसरे पर दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाते रहे। इसी बीच अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुलाना पड़ा। पुलिसकर्मी जाम लगाने वाले कई युवकों को गाड़ी में डालकर थाने ले गए। ग्रामीणों को बिजली की समस्या का जल्द समाधान कराने के आश्वासन पर जाम खुलवा दिया। इसी बीच बिजली कर्मियों ने वार्ड की बिजली आपूर्ति भी सुचारू कर दी।



रेवाड़ी। जाम के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस तथा बावल थाने में जमा ग्रामीण।

**युवकों की हिरासत पर बिफरे लोग**

जाम लगाने वाले कई युवाओं को हिरासत में लेने के बाद लोगों में रोष बढ़ गया। लोग युवकों को छुड़वाने के लिए पुलिस थाने पहुंच गए। पुलिस ने इन युवकों पर बदसलूकी के आरोप लगाते हुए छोड़ने से इनकार किया, तो दोपहर करीब 12 बजे वार्ड की महिलाओं ने एक बार फिर से सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने के बाद डीएसपी सुरेंद्र श्योराण भी मौके पर पहुंच गए। काफी देर तक पुलिस और वार्ड के लोगों में बहस होती रही। बाद में मामला बढ़ता देख पुलिस अधिकारियों ने हिरासत में लिए हुए युवाओं को रिहा करने के आदेश दिए। इसके बाद ही मामला शांत हुआ।


रेवाड़ी। ब्रास मार्केट में नशे के खिलाफ जागरूक करती टीम। फोटो : हरिभूमि

# नशे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- दृढ़ इच्छाशक्ति के सहारे अपने आपको व आसपास के लोगों को नशे से दूर रख सकता व्यक्ति : नीरज कुमार

राज्य को नशा मुक्त बनाने की दिशा में हरियाणा सरकार व नारकोटिक्स विभाग निरंतर प्रयासरत है। हरियाणा एनसीबी की ओर से पूरे प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के साथ-साथ समाज को नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को एनसीबी जिला यूनिट की ओर से ब्रास मार्केट में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। यूनिट के इंचार्ज नीरज कुमार ने लोगों को नशे के दुष्पगभावों से अवगत कराते हुए सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, मैराथन व साइक्लोथॉन सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस वर्ष 26 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ विरोधी दिवस की थीम दॉ एवीडेंस इज क्लीयर-इन्वेस्ट इन प्रीवेंशन यानी सबूत साफ हैं-रोकथाम में निवेश करें है। राज्य सरकार और हरियाणा एनसीबी इसी संदेश को जमीन पर उतारने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा की नशा समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। नशा एक सामाजिक कुरीति है, जिसे सभी को मिलकर खत्म करना है। नशे की लत व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें तो भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल एनसीबीमानस.जीओवी. इन और हरियाणा एनसीबी के टोल फ्री नंबर 90508-91508 पर सूचना दें।

# किसानों को खरीफ की फसलों में लगने वाले कीट व बायो पेस्टीसाइड उपायों की दी जानकारी


रेवाड़ी। फसलों का सर्वेक्षण करते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद एवं जिला कृषि विभाग की टीम ने कपास व अन्य फसलों का किया सर्वेक्षण

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद एवं जिला कृषि विभाग के अधिकारियों की ओर से मंगलवार को कपास व अन्य फसलों का सर्वेक्षण किया गया। जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद के क्षेत्रीय हेड एवं उपनिदेशक डा. वंदना पांडेय के मार्गदर्शन में जिला कृषि विभाग से डा. मनोज कुमार वर्मा ने टीम के साथ कपास एवं अन्य फसलों के क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया। किसानों को कपास व अन्य फसलों में लगने वाले कीट एवं व्याधि से निबटने के यांत्रिक व बायो पेस्टीसाइड उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फसल के शुरूआती दौर में एक खेत में कीटों की निगरानी व रोकथाम के लिए 4 फेरोमन ट्रैप और कपास व अन्य फसलों का ल्यूर का इस्तेमाल करें। सर्वेक्षण के दौरान किसानों को एनपीएसएस मोबाइल एप, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली व मोबाइल एप के उपयोग के बारे में जानकारी भी दी गई, जिससे किसानों को एप के माध्यम से फसल में लगने वाले कीट एवं व्याधि की जानकारी तत्काल प्राप्त होगी और अनावश्यक केमिकल पेस्टीसाइड का इस्तेमाल रोका जा सकेगा। कपास के खेत के पास पुरानी फसल के अवशेषों को पॉलीथिन से ढक दे या दबा दे। सर्वेक्षण टीम में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के आरसीआईपीएमसी फरीदाबाद से लक्ष्मीकांत, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी रूबी, वैज्ञानिक सहायक आस्था हुड्डा, तकनीकी अधिकारी सोमप्रकाश गांव रघुनाथपुर, विजय सरपंच रघुनाथपुर, सतीश कुमार गांव ढाणी व फूल सिंह सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

### सिलेबस और पिछले साल के प्रश्न पत्र विद्यार्थी वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है

# आईजीयू में एमबीए प्रवेश के लिए 27 जून तक ऑनलाइन आवेदन, 3 जुलाई को होगी परीक्षा

- परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड 1 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के प्रबंधन विभाग में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमबीए दो वर्षीय प्रोग्राम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। विभागाध्यक्ष डा. समृद्धि ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप डिजाइन किया गया है, जिसमें विद्यार्थी एचआर, फाइनेंस, मार्केटिंग एवं इंटरनेशनल बिजनेस में सिंगल या ड्यूल स्पेशलाइजेशन के विकल्प के साथ एमबीए कर सकते हैं। यदि कोई विद्यार्थी चाहे तो पहले वर्ष के उपरांत कोर्स छोड़ने पर उसे पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन भी प्रदान किया जाएगा। आज के समय में विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में एमबीए डिग्रीधारी युवाओं की भारी मांग है।


रेवाड़ी। आईजीयू में एमबीए के लिए ऑनलाइन आवेदन करते विद्यार्थी।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को इंटरऐक्टिव शिक्षण पद्धति, केस स्टडीज, इंडस्ट्रियल विजिट, मैनेजमेंट क्लब, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में नियमित रूप से भागीदारी का अवसर मिलता है। प्रवेश के लिए किसी भी विषय (आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस) में स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी, तथा अंतिम वर्ष की परीक्षा दे चुके परिणाम प्रतीक्षारत छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। ऐसे छात्र जिनकी किसी विषय में री-अपीयर है, वे भी आवेदन कर सकते हैं, लेकिन 30 अगस्त तक अंतिम परिणाम विभाग में जमा कराना अनिवार्य होगा।

### 10 जुलाई को घोषित होंगे परीक्षा के परिणाम

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 जून है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट आईजीयू.एसी.इन पर एबीए दो वर्ष का प्रोग्राम चुनकर आवेदन कर सकते हैं।

आवेदकों को आवेदन के पश्चात भरे गए फॉर्म की हार्ड कॉपी सभी जरूरी दस्तावेजों सहित 2 जुलाई तक राव तुलाराम भवन के कमरा नंबर 38 प्रबंधन विभाग में जमा करानी होगी। प्रवेश प्रक्रिया में इस बार लिखित परीक्षा के साथ-साथ ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू भी शामिल किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा 3 जुलाई को प्रातः 11:45 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड 1 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा का सिलेबस और पिछले साल के प्रश्न पत्र विद्यार्थी वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है। ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू 9 और 10 जुलाई को आयोजित होंगे और प्रवेश परीक्षा का परिणाम 10 जुलाई को घोषित किया जाएगा। एडमिशन के लिए प्रथम फिजिकल काउंसलिंग 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

**एमबीए प्रवेश परीक्षा की जानकारी**


रेवाड़ी। विभागाध्यक्ष डा. समृद्धि

प्रवेश परीक्षा में कुल 80 प्रश्न (प्रत्येक 1 अंक) पूछे जाएंगे, जिनकी अवधि 90 मिनट होगी, इसमें कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। एमबीए में प्रवेश के लिए 80 अंक प्रवेश परीक्षा के 10 अंक, ग्रुप डिस्कशन 10 अंक व पर्सनल इंटरव्यू में और एनएसएस मेरिट प्रमाण पत्र के 5 अतिरिक्त अंक के आधार पर किया जाएगा। कोर्स की फीस 37640 वार्षिक है। हरियाणा राज्य के एससी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख से कम है, उनकी फीस मात्र 500 रुपये है। एडमिशन कोऑर्डिनेटर डा. सुशांत यादव ने बताया कि अक्सर विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय गलत श्रेणी भर देते हैं,जिससे बाद में प्रवेश में दिक्कतें आती हैं। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से सही श्रेणी चयन करने की अपील की है और बताया कि अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी व्हाट्सएप के माध्यम से 9467641881, 9896117311 या ईमेल के माध्यम से चेयरपर्सन. मैनेजमेंट@आईजीयू.एसी.इन पर संपर्क कर सकते हैं तथा बाकी विभाग में एडमिशन लेने के लिए भी विद्यार्थी 27 जून तक अप्लाई कर सकते है।


रेवाड़ी। नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस टीम।

## पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव निखरी में लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस का अथक प्रयास निरंतर जारी है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनकी अवैध तस्करी के प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना है, साथ ही युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोककर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है। मंगलवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव निखरी में लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। अगर आपके पास किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है या कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई करता है तो पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करें। नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करें। अगर किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## कोसली के खाटू श्याम श्रृद्धालुओं के लिए एक जुलाई से ट्रेन सुविधा

- रेलगाड़ी में 9 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 11 डिब्बे होंगे

कोसली। रेलवे की ओर से खाटू श्याम धाम जाने वाले श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। कोसली स्टेशन अधीक्षक महेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि गाड़ी संख्या 09733 जयपुर-भिवानी स्पेशल रेलसेवा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जयपुर से सुबह 7 बजे रवाना होकर दोपहर 2:20 बजे भिवानी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09734 भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक भिवानी से शाम 4:05 बजे रवाना होकर रात 11:25 बजे जयपुर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में ढेहर का बालाजी, नींदर बैनाड, चौमू सामोद, गोविन्दगढ मलिकपुर, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, कोसली, झाडली व चरखी दादरी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलगाड़ी में 9 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 11 डिब्बे होंगे।

**दाखिले** दाखिले के लिए जनरल की फीस 500 रुपये और एससी बीसी के लिए 125 रुपये है

# रीजनल सेंटर में यूजी व पीजी कोर्सो के लिए दो जुलाई तक आवेदन, पांच को जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

- छात्राओं को सबसे पहले सभी जरूरी दस्तावेज के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में यूजी और पीजी कोर्सों के दाखिला के लिए ऑनलान आवेदन प्रकिया अब 2 जुलाई तक चलेगी। इच्छुक छात्राएं निर्धारित तिथि से ऑनलाइन आवेदन कर सकत है।

रीजनल सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि रीजनल सेंटर के यूजी और पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए छात्राओं को सबसे पहले सभी जरूरी दस्तावेज के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। दाखिले के लिए जनरल की फीस 500 रुपये और एससी बीसी के लिए 125 रुपये है।

उन्होंने कहा कि बिना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के किसी भी कोर्स में दाखिला नहीं होगा। सरकार की ओर से एससी-बीसी छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप का प्रावधान भी है, जिसके के लिए छात्राओं के पास नवीनतम आय प्रमाण-पत्र होना जरूरी है।

रीजनल सेंटर में छात्राओं के लिए हेल्प डेस्क की सुविधा भी उपलब्ध है। रीजनल सेंटर में सभी विषयों का अनुभवी स्टाफ है और छात्राओं को लाने व ले जाने के लिए रीजनल सेंटर की स्वयं की दो बसें हैं। इसके अतिरिक्त सरकारी और प्राइवेट यातायात के साधन भी उपलब्ध हैं।


रेवाड़ी। कृष्ण नगर गांव स्थित रीजनल सेंटर। फोटो : हरिभूमि

**रीजनल सेंटर के कोर्स व सीटें**

रीजनल सेंटर में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन 2 जुलाई तक किए जा सकेंगे। नई शिक्षा नीति के अनुसार यूजी कोर्स में बीए आनर्स मल्टीडिसीप्लिनरी की 100 सीट, बीएससी इन फिजिकल साइंस आनर्स नॉन मेडिकल की 60 सीट व बीकॉम ऑनर्स की 60 सीटें है तथा पीजी कोर्स में एमए अंग्रेजी 30 सीट, व एमए राजनीति विज्ञान में 40 सीटें है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद दाखिले के लिए मेरिट सूची रीजनल सेंटर के नोटिस बोर्ड पर लगाई जाएगी। छात्राएं विश्वविद्यालय की आधिकारिक बीपीएसएमवी.एसी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। निदेशक डा. यशपाल ने कहा कि दाखिला प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। छात्राएं समय पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। डा. अनिल कुमार यादव ने बताया कि प्रथम मेरिट सूची 5 जुलाई, द्वितीय 10 जुलाई व तृतीय 14 जुलाई को लगाई जाएगी तथा 18 व 19 जुलाई को फिजिकल काउंसिलिंग होगी। छात्राओं को रीजनल सेंटर में सभी जरूरी ओरिजनल प्रमाण-पत्रों के साथ ऑनलाइन फीस भरनी होगी।